मध्य प्रदेश में जल विद्युत् योजनायें

1544. श्री सुखेन्द्र सिंह : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कितनी जल-विद्युत योजनायें चल रही हैं और उन से इस समय विद्युत् का कितना उत्पादन हो रहा है;

(ख) विद्युत् उत्पादन बढ़ाने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं;

(ग) बाड़गो, बोधघाट तथा बाणसागर परियोजना से विद्युत् उत्पादन के क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं और इस में से मध्य प्रदेश को कितनी अतिरिक्त विद्युत् सप्लाई की जायेगी ; और

(घ) राज्य के सभी गांवों में कब तक बिजली लग जायेगी ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) : (क) 386 मेगावाट की कुल प्रतिष्ठापित क्षमता वाले तीन जल-विद्युत् केन्द्र नामशः गांधीसागर, राणाप्रताप सागर, और जवाहरसागर मध्य प्रदेश और राजस्थान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित किए गए हैं। इन केन्द्रों में मध्य प्रदेश का भाग 193 मेगावाट है।

(ख) 160 मेगावाट की प्रतिष्ठापित क्षमता वाले पेंच जल-विद्युत् स्कीम इस समय मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही है। इस परियोजना में मध्य प्रदेश का भाग 107 मेगावाट है।

बाणसागर और सिंध बहुद्देश्यीय स्कीमों की परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई हैं और केन्द्रीय जल आयोग और केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण में इस समय इन की जांच की जा रही है। बोधघाट जल-विद्युत् परियोजना की जांच कर ली गई और परियोजना प्राधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि केन्द्रीय जल आयोग और केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण की टिप्पणियों को ध्यान में रखकर वे परियोजना के स्वरूप को अन्तिम रूप दें। नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण के पंचाट के बाद ही नर्मदा पर विद्युत् का विकास सम्भव हो सकेगा। राज्य में विद्युत् का उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक ताप विद्युत् यूनिटें भी कार्यान्वित की जा रही हैं।

(ग) राज्य प्राधिकारियों द्वारा सूचित किए गए अनन्तिम लक्ष्य निम्नलिखित हैं :—

बरगो—प्रथम सेट 1984–85 में

बोध घाट 500 मेगावाट—प्रथम सेट 1983–84 में

बाणसागर 1345 मेगावाट—पहले दो सेट 1985–86 में

(घ) राज्य बिजली बोर्ड ने सूचित किया है कि वर्तमान संभावनाओं के अनुसार राज्य में सभी गांवों 1993–94 तक विद्युतीकृत हो जाएंगे।

फिल्मों में अश्लील दृश्यों और अश्लील पोस्टरों पर रोक

1545. श्री सुखेन्द्र सिंह : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार ऐसे पोस्टरों के प्रदर्शन पर रोक लगाने का है जिन में ऐसी फिल्मों के दृश्य दिखाए जाते हैं जो केवल वयस्कों के लिए होती हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में प्रस्ताव कब तक क्रियान्वित किया जायेगा?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) और (ख). सिनेमा पोस्टरों के विषय से राज्य सरकारें संबंधित हैं तथा अभद्र और अश्लील

फिल्म पोस्टरों के प्रदर्शन को रोकने के लिए उपयुक्त कार्रवाई करना उनका कार्य है ।

Import of Cotton

1546. SHRI G. Y. KRISHNAN: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under consideration of Government to stop the import of cotton; and

(b) if so, the reasons thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUTRY (SHRIMATI ABHA MAITI): (a) and (b). In view of comfortable availablity position of cotton, Government currently have no proposal to import cotton.

हजीरा में शिपयार्ड की स्थापना

1547. श्री छीतूभाई गामित :
प्रो० पी०जी० मावलंकर :
श्री अमर सिंह वी० राठवा :
श्री अहमद एम० पटेल :

क्या नौवहन और परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने हजीरा में शिपयार्ड स्थापित करने के बारे में अंतिम निर्णय कर लिया है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उस पर कार्य कब तक आरम्भ हो जायेगा और यह कब तक पूरा हो जायेगा; और

(ग) शिपयार्ड का निर्माण-कार्य शीघ्र ही पूरा करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

नौवहन और परिवहन मंत्रालय में प्रभारी राज्य मंत्री (श्री चांद राम) :
(क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता ।

गुजरात में आवाहडांग जिले में रेडियो स्टेशन

1548. श्री छीतूभाई गामित : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात के आहवाडांग जिले में रेडियो स्टेशन स्थापित करने की मांग की गई है ; और

(ख) यदि हां, तो वहां पर रेडियो स्टेशन कब तक स्थापित किया जायेगा और इस सम्बन्ध में क्या कदम उठाये गये हैं और उठाये जायेंगे ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) जी, हां ।

(ख) वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण गुजरात के आहवाडांग जिले में रेडियो स्टेशन स्थापित करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है ।

Progress of Work of Minorities Commission

1549. SHRI CHITTA BASU: Will the Miniser of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the progress of work of the Minorities Commission set up by the Government recently;

(b) whether it produced any reports by this time;

(c) the recommendations made in the reports; and

(d) the action taken on the reports?